## खबर संक्षेप



### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महत्वपूर्ण

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में वीरवार को महिला प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता की अध्यक्षता डॉ. चा सीकरी द्वारा की गई। उनकी देखरेख में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रचार अभियान के तहत नारी शक्ति मानव श्रृंखला का निर्माण करवाया गया। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्व रखता है। इसके द्वारा लोकसभा व राज्यसभा विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएगी। इसके द्वारा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी। वह नीति निर्माण, देश निर्माण में अपना व बेहतर योगदान दे सकेंगी। यह बिल 2023 को लाया गया था। लेकिन लंबे समय तक पास नहीं हो सका। यह बिल अब सरकार पारित करने जा रही है। इससे अगले चुनाव में महिलाओं को इससे लाभ मिल सके। इस अधिनियम को कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने महिलाओं की विजय बताया। कार्यक्रम में प्रो. नवीन भारद्वाज व पंकज कुमार उपस्थित रहे।



### डिजिटल युग में शिक्षकों की भूमिका अहम

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में छात्रों के प्रबंधन में शिक्षकों की भूमिका विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। यह सेमीनार शिक्षा विभाग द्वारा आईक्यूएसी के सहयोग से डिजिटल एडिक्शन और छात्रों के प्रबंधन में आयोजित किया गया। वेबिनार अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉण अरविंदर सिंह भल्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. कैथरीन मसीह व डॉ. जगत सिंह का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आदित्य प्रकाश, डायरेक्टर प्रिंसिपल विद्या रतन ग्रुप पंजाब मौजूद रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्रों में बढ़ती डिजिटल लत की समस्या को उजागर किया तथा डिजिटल युग में छात्रों का मार्गदर्शन करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उनके व्यावहारिक सुझावों एवं वास्तविक जीवन के उदाहरणों ने तकनीक के उपयोग और शैक्षणिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने के प्रभावी उपाय प्रस्तुत किए।



### किसानों को सुचारू रुप से खाद सप्लाई पर जोर

**रादौर।** पैक्स केंद्र रादौर के नवनियुक्त निदेशकों की केंद्र कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी मनीष साहनी व सचिव अजय गुलाटी ने की। मौके पर निदेशकों ने विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। बैंक अधिकारी मनीष साहनी ने बताया कि बैठक में निदेशकों ने किसानों को खाद की सप्लाई सुचारू रुप से करवाए जाने समेत अन्य समस्याओं को लेकर अपने विचार रखे। निदेशक मंडल ने कहा कि किसानों को सुचारु रुप से खाद सप्लाई करवाना बेहद जरुरी है। ताकि किसान अपनी आगामी फसल में समय पर खाद डाल सकें। इस दौरान बैठक में कार्यालय में नई कुर्सियां खरीदने, हर महीने बैठक आयोजित करने, कार्यालय के कर्मचारियों को मुवमेंट रजिस्टर लगाने समेत कई अन्य निर्णय लिए गए। इस अवसर पर निदेशक एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, श्यामलाल सैनी, बलवंत सिंह, दिलबाग सिंह, जगमाल सिंह, जसवंत सिंह, मदनलाल, ऋषिपाल, बबली देवी व अंजना देवी आदि मौजूद रहे।

### गर्वित चावला ने 97% अंक प्राप्त कर किया स्कूल टॉप, 46 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए

# नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप यमुनानगर का शत प्रतिशत रहा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

- स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर ने विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम के शत प्रतिशत रहने पर स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडी ने बच्चों व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी है। खास बात यह रही कि विद्यालय के छात्र गर्वित ने परीक्षा परिणाम में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में टाप किया है।

स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर ने बताया कि विद्यालय के 164 विद्यार्थियों ने इस बार सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में भाग लिया था। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गत बुधवार शाम को घोषित किया गया। जिसमें उनके सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के 46 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जो कुल परीक्षार्थियों का लगभग 28 प्रतिशत है। स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर ने बताया कि गर्व की बात यह है कि परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत तो रहा ही है। वहीं, उनके स्कूल के छात्र गर्वित चावला ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, सानवी सैनी ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि तमन्ना ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों मेधावी विद्यार्थियों की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का फल है। बल्कि उनके परिवार एवं शिक्षकों के अनवरत मार्गदर्शन का भी परिणाम है। स्कूल का सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्शाता है कि यह विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की अथक मेहनत का जीवंत प्रमाण है।



**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल के परीक्षा परिणाम में अव्वल आए बच्चों के साथ स्टाफ सदस्य खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



छात्र गर्वित चावला। *फोटो : हरिभूमि*

### विद्यार्थियों ने विषयवार किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्कूल प्रबंधक ने बताया कि दसवीं के परीक्षा परिणामों में विषय वार भी प्रदर्शन अच्छा रहा है। अंग्रेजी में विद्यार्थियों ने 98 अंक, गणित में 97 अंक, सामाजिक विज्ञान में 99 अंक तथा विज्ञान में भी 99 अंक प्राप्त किए। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह रहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में विद्यार्थियों ने पूर्ण 100 अंक अर्जित किए। जो यह सिद्ध करता है कि नैशनल पब्लिक स्कूल परंपरागत विषयों के साथ आधुनिक तकनीकी शिक्षा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावकगण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के अथक परिश्रम, विद्यार्थियों की लगन एवं अनुशासन तथा अभिभावकों के अमूल्य सहयोग का सुफल है। नैशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर का यह शत प्रतिशत परिणाम इस बात का प्रमाण है कि जब शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मिलकर एक लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है।

## होली मदर पब्लिक स्कूल की अक्षरा 95 प्रतिशत अंक के साथ रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !यमुनानगर

सीबीएसई की दसवीं कक्षा के घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में होली मदर पब्लिक स्कूल के 45 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान बनाया है। खास बात यह रही कि स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर शिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी जताई है।

खास बात यह है कि स्कूल की छाक्षा अक्षरा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप, स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा व निदेशक एडवोकेट विश्वास शर्मा ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) की आयोजित की गई दसवीं कक्षा की परीक्षा में उनके स्कूल के 84 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें सभी बच्चों ने परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से पास कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने बताया कि स्कूल के 45 विद्यार्थी मैरिट में आए हैं। जिसमें अक्षरा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं, तेजल रावत ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अजीत ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में 99, सामाजिक विज्ञान में 97, इर्फोमेशन टैक्नालाजी में 97, हिन्दी में 95, विज्ञान में 92 तथा गणित में 92 अंक प्राप्त किए। उन्होंने शानदार परीक्षा परिणाम आने के लिए विद्यार्थियों, अध्यापकगण व अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों समेत उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में शानदार परीक्षा परिणाम आने पर बच्चों को मिठाई खिलाते हुए प्रधानाचार्या व अन्य स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## एमडीवीएम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल



कृतिका



सूरज



वैदिक गुलाटी

- छात्रा कृतिका ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर के बच्चों ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। स्कूल के सभी बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

स्कूल की प्रधानाचार्या अंजु गुलाटी ने बताया कि उनके स्कूल का सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में छात्रा कृतिका ने 92 प्रतिशत, वैदिक गुलाटी ने 91.6 प्रतिशत, हरमन ने 90.2 प्रतिशत, सूरज ने 88.2 प्रतिशत, रमनीत ने 88 प्रतिशत, चांदनी ने 87 प्रतिशत, खुशी ने 85 प्रतिशत, सम्राट ने 85 प्रतिशत व तरणप्रीत ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की। स्कूल की प्रधानाचार्या अंजु गुलाटी ने कहा कि इस शानदार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों का मार्गदर्शन मुख्य रहा। सभी विद्यार्थियों ने पूर्ण समर्पण और लगन के साथ अध्ययन किया। विद्यालय के समर्पित स्टाफ सदस्यों सुषमा, सुदेश, शिवम, अंकुर शर्मा व विकास को विशेष रूप से बधाई दी गई। जिनके अथक प्रयासों और मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया।

# जनता पब्लिक स्कूल अलाहर के विद्यार्थियों ने परीक्षा में हासिल की 100 प्रतिशत सफलता



**यमुनानगर।** रादौर स्थित जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में मेधावी छात्रों का मुंह मीठा करवाते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा.10 बोर्ड परीक्षा में जनता पब्लिक स्कूल अलाहर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की, बल्कि उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षाए अनुशासन एवं मूल्य.आधारित शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंध निदेशक रूबी कम्बोज ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की समर्पित शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के परिश्रम व अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

### शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत से हुआ विद्यालय का नाम रोशन : देवी



रितिका



प्रतीक

लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा देवी के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों के समर्पित प्रयास व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को श्रेय दिया गया। विद्यालय की मेरिट सूची में रितिका एवं प्रतीक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंग्रेजी में प्रतीक 95 अंक, रितिका 93 अंक, कृष 92 अंक, पर्व 92 अंक, यूनिस 90 अंक, हिंदी में रितिका 93 अंक, पर्व 84 अंक, प्रतीक 81 अंक, यूनिस 79 अंक, विज्ञान में रितिका 80 अंक सामाजिक विज्ञान रितिका 96 अंक, प्रतीक 94 अंक, विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी संतोषजनक प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए।



**रादौर।** डीएवी स्कूल के मेधावी छात्र व स्टाफ खुशी मनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

- दिविशा ने 97, रियान्शु ने 96.8 व ऋतु ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में दिविशा पहूजा ने 97 प्रतिशत अंक, रियान्शु ने 96.8 प्रतिशत, ऋतु वर्मा ने 96.6 प्रतिशत, दिव्यांशी वर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शर्मा ने बताया कि विद्यालय के 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 35 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक, 40 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 25 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने कहा कि इस उत्कृष्ट परिणाम में जितना योगदान बच्चों कहा है उतना ही योगदान उनके माता.पिता व अध्यापकों का भी है। वे सभी इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई के पात्र हैं ।

### ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल : 28 में 14 छात्र मेरिट सूची में



**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में खुशी मनाते छात्र व स्टाफ।

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर का दसवीं के परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत अंक लेकर परचम लहराया है। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के परिणाम में दसवीं कक्षा में 28 में से 14 बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। निखिल पाल ने 95 प्रतिशत अंक हासिल करके प्रथम स्थान, अंशिका ने 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, भाविका ने 93 प्रतिशत अंक हासिल करके तृतीय स्थान व रिजुल ने 92 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल व निदेशक सारिका अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दी।

### शौर्य शर्मा ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया विद्यालय का नाम रोशन



**रादौर।** स्कूल में छात्राओं का मूंह मीठा करवाते स्टाफ सदस्य।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल अलाहर का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष परीक्षा में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में शौर्य ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि हृदयांश ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कियाए जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है।

# एचसीएस परीक्षा के लिए केंद्रों पर करें कड़े इंतजाम: राजेंद्र

- एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय में हुई परीक्षा केंद्र अधीक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए आयोग के सदस्य राजेंद्र कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2025 के आयोजन को लेकर जिला सचिवालय में परीक्षा केंद्र अधीक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। परीक्षा का शुभारंभ 26 अप्रैल को होगा। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य राजेन्द्र कुमार व उप सचिव सतीश कुमार ने की। आयोग के सदस्य राजेंद्र कुमार ने बताया कि एचसीएस (ईएक्स बीआर)और दूसरी संबंधित सर्विसेज की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को सुबह और शाम के सत्र में होगा।

उन्होंने कहा कि यह परीक्षा युवाओं का भविष्य तय करेगी। जिन अधिकारियों की डयूटी एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित कार्यों में लगी है। उनकी जिम्मेदारी बड़ी अहम हो जाती है। इसलिए परीक्षा से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार परीक्षा कार्यों को पूर्ण करवाएं। परीक्षा शुरू होने पर कोई व्यक्ति बिना पहचान पत्र के परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश नहीं करेगा। सरकार द्वारा परीक्षा से संबंधित जारी हिदायतों का अच्छी तरह से पढ़ व समझ लें। ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**पहल** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में रोबोटिक्स पर विशेष सत्र

# विद्यार्थियों को तकनीक की दुनियां से जोड़ती है स्किल-बेस्ड कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के सीएससी व आईटी विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रोबोटिक्स, आईओटी और ड्रोन टेक्नोलॉजी पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यशाला में 55 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को सेंसर, ऑटोमेशन व माइक्रा ˋकंट्रोलर जैसे विषयों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन डॉ. विकास जुनेजा, एचओडी विभाग व डॉ. गौरव शर्मा, एचओडी विभाग के मार्गदर्शन में हुआ। सत्र में छात्रों को बताया गया कि रोबोटिक्स, आईओटी, ड्रोन तकनीक आने वाले समय में औद्योगिक, चिकित्साए रक्षा व स्मार्ट सिटी क्षेत्रों में कैसे क्रांति लाएंगे। छात्रों में इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कॉलेज निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि इस तरह की स्किल-बेस्ड कार्यशालाएं छात्रों को तकनीकी दुनिया की नई दिशाओं से जोड़ती हैं और उनके भीतर नवाचार की भावना को प्रेरित करती हैं। इससे छात्र अपने करियर को सही दिशा में ले जा सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. सविता, कपिल देव, सुचेता व रिचा खरबंदा भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया। यह कार्यशाला छात्रों के तकनीकी कौशल को निखारने और उन्हें 21वीं सदी की डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।

## सीबीएसई 10वीं परीक्षा में दिखाया जलवा, विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का दिखा असर

# टॉपर्स की झड़ी: 90% से ऊपर अंकों के साथ चमके जिले के होनहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में गीता विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता दर्ज की है। विद्यालय से इस वर्ष कुल 157 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से अधिकांश ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। आदित्य गर्ग: 90% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान। चिराग: 87% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। दिवांशु: 82% अंकों के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया। समग्र रूप से विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98% रहा, जो छात्रों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया ने भी छात्रों और शिक्षक वर्ग को इस गौरवशाली उपलब्धि हेतु साधुवाद दिया। विद्या भारती के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा ने अपने संदेश में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे विद्यालय से प्राप्त शिक्षा और संस्कारों को सदैव आत्मसात रखें। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहिंदर सिंगला, प्रबंधक: वीरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, प्रबन्ध समिति सदस्य जंगबहादुर सिंगला, मदन मोहन छाबड़ा, डॉ. रीटा,संदीप मदान उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के आचार्य अनुज वालिया, पंकज गर्ग, जयदीप महत्ता, रजनी शर्मा, नीरज शर्मा, विकास और अमित सहित स्टाफ ने छात्रों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।



## विज्डम वर्ल्ड स्कूल के चिन्मय को मिले 99.2% अंक

कुरुक्षेत्र। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विज्डम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। निदेशक विनोद रावल ने बताया कि यह परीक्षा परिणाम विद्यालय की शानदार परम्परा में एक और उपलब्धि है। उन्होंने विद्यालय की मजबूत शिक्षा प्रणाली को इस परिणाम का आधार माना है। विद्यालय की प्राचार्या संगीता बहल ने बताया कि चिन्मय ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रशस्ति व



अनिकेत ने 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व व्योम ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कुल 226 विद्यार्थियों में से 57 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 123 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। गौरतलब है कि विद्यालय के 91 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। इनमें अर्टिफिशियल इंटैलिजैंस में 60, डाटा साांइस में 17, जर्मन में 8, जैपनीज में 2, मल्टीमीडिया में 1, विज्ञान विषय में 1, संस्कृत विषय में 1, पंजाबी विषय में 1 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के निदेशक विनोद रावल एवं निदेशिका अनीता रावल ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पूजा मॉडर्न स्कूल के 34 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में प्राप्त किया स्थान

कुरुक्षेत्र। पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल का इस वर्ष दशम कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है। इस वर्ष कुल 69 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तथा सभी विद्यार्थी उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। संचालिका पुष्पा संधू व चेयरमैन विकास दीप संधू ने भी अध्यापकों को और अभिभावकों को बहुत बहुत बधाई दी और कहा कि इसका श्रेय सभी अध्यापकों व माता पिता को जाता है। विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम के परिणाम स्वरूप विभिन्न विषयों में उच्च अंक प्राप्त हुए— आई.टी. में 98, हिंदी में 97, अंग्रेजी में 96, सामाजिक विज्ञान में 94 तथा विज्ञान में 93 अंक प्राप्त किए गए। गणित विषय में 90 अंक प्राप्त हुए।





## ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

लाडवा। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई. द्वारा घोषित दसवीं के परिणाम में ग्लोब हेरिटेज के विद्यार्थियों ने न केवल शत प्रतिशत परिणाम के साथ परचम लहराया, बल्कि दसवीं कक्षा में 28 में से 14 बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। निखिल पाल ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अंशिका ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय,भाविका ने 93 प्रतिशत अंक लनेकर तृतीय तथा रिजुल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान हासिल किया। स्कूल के बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों ने झूम कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

## एसडी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम



कुरुक्षेत्र। केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एस.डी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा मानसी ने 97.% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। किट्टू ने 93% अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त तनीषा 88%, हितैषी व गुंजन ने 87.6%, वंशिका गुर्जर ने 85.4%, वंशिका ठाकुर ने 85%, कनिका ने 84.8%, देवांशी ने 83.4%, प्रतिभा 82.8 सुहानी ने 80.2% तथा रिधम ने 80% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर प्रबंधक विकास शर्मा व मंजू शर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## गीता निकेतन के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

*कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र के 311 विद्यार्थियों ने माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 290 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इनमें 207 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया तथा 57 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। प्रणव गोयल ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कौशल शर्मा ने 95.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रणव सैनी ने 95.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों में चार चांद लगाते हुए 42 विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय में 100% अंक प्राप्त किए। यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि कौशल शर्मा ने गणित में 99 अंक, कृषिव गोयल एवं तेजस सैनी ने सामाजिक विज्ञान में 98 अंक, राघव अग्रवाल, आदित्य शर्मा, अवनि, प्रग्येश गोयल, वेदांश एवं ज्योतिका शर्मा ने अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त किए। प्रणव गोयल ने विज्ञान में 99 अंक तथा नव्या शर्मा एवं अनंत गर्ग ने हिंदी में 99 अंक प्राप्त कर न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान शिक्षकों के समर्पण और मेहनत को भी दर्शाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नारायण सिंह ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई।*



## नवयुग स्कूल के कार्तिक को मिले 94.2% अंक

*कुरुक्षेत्र। 1981 में स्थापित नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सीबीएस.ई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दशम में सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा ।65 विषयवार मेरिट रही। 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान पाया , 23 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक ,29 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक एवंअन्य सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कार्तिक छाबड़ा ने 94.2% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कीर्ति ने 93.2% अंक लेकर द्वितीय, कुमार वंश ने 93% अंक लेकर तृतीय एवं कार्तिक क्वात्रा ने 90.4% अंक लेकर चतुर्थ तथा तानिया गुप्ता ने पंचम स्थान प्राप्त किया। आस्था, अवयजीत,अक्षरा,सचिन,तानिया ने भी मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका कल्पना, रिया,आशा, हरिंदर, रिहाना, पूनम, पिंकी, मोनिका, कोमल, स्वाति, स्मृति, रीमा, परवेश, रेनू, गीता, स्नेह अध्यापक किरनजीत, जसमेर, शक्तिप्रकाश, महिपाल आर्य सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।*



## सतलुज स्कूल के 63 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में शामिल

*शाहबाद। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया है, जिसमें सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने अत्यंत प्रसन्नता के साथ यह जानकारी साझा की कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है, जिसमें कुल 72 विद्यार्थियों में से 63 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की तथा शेष विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य डॉ. घुम्मन ने मेधावी छात्रों की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में स्वास्तिक 96%, शगुन 95.2%, अक्षित 95%, दीपेश शर्मा 94%, अतुल 92.2%, वंशराज 91.8%, जशनप्रीत 91.6%, तृप्ति धवन (90.6%) और दीपेश कुमार 90.4% शामिल है। प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और समर्पित शिक्षकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके अटूट विश्वास और अनुशासन का परिणाम है। इस गौरवशाली अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर आरएस घुम्मन और स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।*

## खुशप्रीत ने 90% वहीं इसमीत ने 87% अंक पाए



कुरुक्षेत्र। ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल एकेडमी ने इस साल भी 100% रिजल्ट हासिल किया है। खुशप्रीत कौर ने 90%, इसमीत कौर ने 87%, काव्या शर्मा ने 87% नंबर लेकर अकादमी का नाम रोशन किया। एकेडमी के प्रधानाचार्य अनुज तंवर और पूनम तंवर ने कहा कि यह शानदार अचीवमेंट हमारे स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत, हमारे टीचर्स की लगन और हमारे पेरेंट्स के लगातार सपोर्ट को दिखाता है। हम अपने सभी स्टूडेंट्स को उनके शानदार परफॉर्मेंस के लिए दिल से बधाई देते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों में उनकी बड़ी सफलता की कामना करते हैं। हम अपने टीचर्स और पेरेंट्स को भी उनके गाइडेंस और हौसला बढ़ाने के लिए दिल से धन्यवाद देते हैं, जिससे यह अचीवमेंट मुमकिन हो पाया।

## अवनी 96% के साथ बनी स्कूल की टॉपर



पिहोवा। कक्षा दसवीं की परीक्षा में अवनी ने 96% अंक लेकर प्रथम, अभिषेक शर्मा, एंजल ने 95.8% अंक लेकर द्वितीय व पूर्वी ने 95.2% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिवयं 94.6, खुशबु 93.8,कनिका 93.8, अर्शप्रित 93.2, नेहाल 92.8,खुशप्रित 92.4,नव्या गर्ग 92 , कुणाल 92 ,अरमान 91.4, राधिका 90.8 लक्ष्य शंकर 90.2,खुशी 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य डा.. कंवल गाबा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।स्कूल मे खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर नेहा अरोड़ा, पूनम चावला, रवनीत, गुरप्रित, जगमोहन , कमलेश, पूजा, मनुस्मृति मौजूद रहे।

## तमन्ना ने 96.2 प्रतिशत अंक के साथ बनी स्कूल टॉपर

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल का सीबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा तमन्ना शर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विषयवार सर्वाधिक अंको मे तमन्ना शर्मा ने हिन्दी मे 97, अंग्रेजी में 94, विज्ञान में 94, सामाजिक विज्ञान में 96 एवं संस्कृत में 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों में जैस्मीन ने 89.6 प्रतिशत, मन्नत ने 87.4 प्रतिशत, सेजल ने 85.8 प्रतिशत, माधवी शर्मा ने 84.2 प्रतिशत, जसमीत कौर ने 83.8 प्रतिशत, श्वेता ने 83 प्रतिशत, सक्षम दास ने 83 प्रतिशत,वंशिका ने 82.4 प्रतिशत तथा कशिश ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में 75 प्रतिशत से ऊपर सत्रह विद्यार्थी रहे तथा 60 प्रतिशत से 75 प्रतिशत के बीच छब्बीस विद्यार्थी रहे। इस उपलब्धि पर संस्थान के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को अपना आशीर्वाद प्रेषित किया। शिक्षण संस्थान के निदेशक एसएन गुप्ता तथा स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने भी बच्चों एवं अध्यापिकाओं को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



कुरुक्षेत्र। श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा खुशी ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर गौरवान्वित किया, जबकि रिधिमा (91.4 प्रतिशत), स्मृति (91.2 प्रतिशत) और अनुष्का (90.2 प्रतिशत) ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्राचार्या पूजा शर्मा ने बधाई देते हुए बताया कि इसके साथ ही जिया, ईशिका, शिवांश और अलीशा सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित कर विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय छात्रों के कठिन परिश्रम, अनुशासित जीवन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया है। सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी करियर के लिए विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

## डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल के वैदिक ने 99.2 अंक किए प्राप्त

कुरुक्षेत्र। डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए कक्षा 10 वीं के (सीबीएसई) परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा 100 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र वैदिक गुप्ता ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और पूरे विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अनिकेत अवस्थी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अक्षत अग्रवाल 98.4 प्रतिशत एवं अंशिका तिवारी 98.2



प्रतिशत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आन्या गर्ग ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। उच्च अंकों की श्रेणी में कृष्णांगी शर्मा एवं कार्तिक गौड़ 97.6 प्रतिशत, अर्णव भार्गव 97.4 प्रतिशत तथा प्रियांशु भट्ट एवं शिवम डोभाल 97.2 प्रतिशत ने भी अपनी मेधा का परिचय दिया। इसी क्रम में सृष्टि पंवार, रुद्र प्रताप सिंह, प्रखर आर्य, प्रतिष्ठा डंगवाल, अंशुमान डिमरी एवं अनंत विजय ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के परिणाम को और अधिक गौरवशाली बनाया। अध्यांश, वेदांत बडोनी, शौर्य प्रभाकर, अवंतिका पेटवाल, युवराज गर्ग एवं उर्वांश सैनी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता की श्रेणी में स्थान बनाया। पारस थपलियाल, अग्रिया, सानवी राणा, सिद्धेश कोठारी, ओम अरोड़ा एवं अक्षत नेगी ने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए।



## द मिलेनियम स्कूल का कक्षा दसवीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

*कुरुक्षेत्र। द मिलेनियम स्कूल, अंसल सिटी कुरुक्षेत्र के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में रयान बग्गा, सारा शर्मा तथा एलिसिया कौशिक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।*

# भाजपा अनाज मंडियों को खत्म करना चाहती है: अभय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा की अनाज मंडी में इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चौटाला ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार अनाज मंडियों को खत्म करना चाहती थी। इस बार भाजपा सरकार ने किसानों के लिए मंडी तक फसल लाना कठिन बना दिया है। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया, जिसके बाद सरकार को अपने फैसलों में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि अगर पार्टी आवाज नहीं उठाती तो किसानों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता। मंडी में गेहूं के उठान में हो रही देरी को लेकर भी उन्होंने सरकार को जिम्मेदार ठहराया। चौटाला ने कहा कि सरकार ने ऐसे




ठेकेदारों को काम दिया है, जो आढ़तियों से प्रति बोरी रुपये तक वसूल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी सरकार बनी तो इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस को इस उम्मीद में वोट दिया था कि वह सत्ता में आकर किसानों की समस्याएं हल करेगी।

## कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने अशोक अरोड़ा के जन्मदिन पर दी बधाई

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी। सुरेंद्र सैनी ने अशोक अरोड़ा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की। उन्होंने कहा कि अशोक अरोड़ा ने हमेशा थानेसर की जनता के हितों की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि विधायक अशोक अरोड़ा ने विधानसभा में थानेसर की जनता के मुद्दों को पूर जोर ढंग से उठाया है और हमेशा विधानसभा में उन्होंने थानेसर के लोगों की आवाज को बुलंद किया है। अशोक अरोड़ा का एक ही उद्देश्य है कि थानेसर की जनता की आवाज को



विधानसभा में उठाकर उनकी समस्याओं का हल करवाया जाए। थानेसर के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा धनराशि सरकार से स्वीकृत कराना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अशोक अरोड़ा ने थानेसर का विधायक होते हुए हल्के में हमेशा लोगों के सुख-दुख में शामिल होने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब भी अशोक अरोड़ा को मौका मिलता है वह अपने हलके के लोगों के बीच जाकर उनका हाल-चाल जानते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी अशोक अरोड़ा थानेसर के लोगों की आवाज को वैसे ही बुलंद करते रहेंगे और कुरुक्षेत्र के विकास के लिए अपनी आवाज को विधानसभा में बुलंद करेंगे।

*जन संघर्ष मंच हरियाणा व सर्व कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन*

# महंगाई व जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जन संघर्ष मंच हरियाणा व सर्व कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कुरुक्षेत्र उपायुक्त के नाम ज्ञापन दिया व प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा गया कि रसोई गैस बिना बुकिंग के बहुत ही मंहगी बलैक में मिल रही है। बहुत से मजदूरों व गरीब लोगों के नाम गैस सिलेंडर नहीं हैं और उन्हें दो व पांच किलो के सिलेंडर हजार रुपए तक में खरीदना पड़ रहा है। रोजमर्रा की उपभोग की जाने वाली वस्तुओं के दाम तेजी से बढ रहे हैं और आम जनता के पास रोजगार नहीं है। राशन कार्ड पर सस्ती दरों पर दालें, साबुन, चावल, तेल, चीनी प्रयाप्त मात्रा में व नियमित रूप से दिया जाए। दूसरी समस्या यह है कि किसी न किसी बहाने से वृद्धों व विधवा महिलाओं की पेंशन काट दी गई है, उनकी पेंशनें



बहाल की जाएं। तीसरी समस्या यह है कि कुछ ऐसे बच्चे हैं जिनके पास आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, उनका सरकारी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। चौथी समस्या यह है कि झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को बार-बार उजाड दिया जाता है उनके लिए रहने के लिए पक्के मकान दिए जाएं। इन मांगों का ज्ञापन डीआरओ चेतना चौधरी को सौंपा गया।

